उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 63/1859/71-1-2014-ग-51/2005टी0सी0
लखनऊ : दिनांक 17 दिसम्बर 2014
कार्यालय-ज्ञाप

डा0 यू0 सी0 सिंह, चिकित्साधिकारी, टी0बी0 क्लीनिक, खलीलाबाद, सन्तकबीर नगर को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर मेडिकल कालेज, गोरखपुर के सर्जरी विभाग में प्रवक्ता के पद पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4103/71-1-05-ग-51/2005, दिनॉक 26-08-2005 द्वारा 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए, तैनात किया गया था। अन्तिम बार डा0 यू0 सी0 सिंह की सेवा स्थानान्तरण अवधि कार्यालय ज्ञाप संख्या-1713/71-1-13-ग-51/2005टी0सी0, दिनॉक 14-08-2013 द्वारा दिनॉक 12-09-2013 के पश्चात् एक वर्ष तक के लिए बढ़ायी गयी थी, जो दिनॉक 11-09-2014 को समाप्त हो गयी है। डा0 यू0 सी0 सिंह को शासनादेश संख्या-2374/71-1-2010-जी-231/2010, दिनॉक 27-09-2010 द्वारा सहआचार्य के रूप में पदनामित किया गया है।

2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एम0ई0-2/2014/1076, दिनॉक 18-06-2014 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय मेडिकल कालेज, गोरखपुर के सर्जरी विभाग में सहआचार्य के पद पर कार्यरत डा0 यू0 सी0 सिंह की सेवा स्थानान्तरण अवधि दिनॉक 11-09-2014 के पश्चात् 01 वर्ष अथवा नियमित चिकित्सा शिक्षक उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए बढ़ाये जाने की एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

अरिन्दम भट्टाचार्य
विशेष सचिव।

संख्या:- 63/1859(1)/71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
6- कोषाधिकारी, गोरखपुर।
7- चिकित्सा अनुभाग-3
8- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in